# प्रेस नोट

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**
**दिनांक- 24.08.2025**

- **थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए सौर ऊर्जा पैनल चोरी की घटना कारित करने वाले 03 नफर अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्तों के कब्जे से 03 अदद सौर ऊर्जा पैनल बरामद किये गये।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, दिनांक 22.08.2025 को वादी श्री सत्य प्रकाश (ग्राम प्रधान) विरोहा, थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात द्वारा दिनांक 20.08.2025 की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा प्राथमिक विद्यालय विरोहा में लगे सौर ऊर्जा की तीन अदद पैनल चोरी कर लेने के सम्बन्ध में दी गयी तहरीर के आधार पर थाना भोगनीपुर पर मु0अ0सं0- 0274/2025 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। दिनाँक 23.08.2025 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर 03 नफर अभियुक्तगण 1.अमरजीत निषाद पुत्र श्रीकृष्ण निषाद 2.दीपक निषाद पुत्र रज्जन लाल निषाद 3.स्वयं निशाद पुत्र संतोष निषाद समस्त निवासीगण ग्राम विरोहा, थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात को ग्राम नोनापुर से ग्राम विरोहा वाले रास्ते से करीब 500 मीटर दूर ईट भट्टा के पास से समय करीब 17.50 बजे हिरासत में लिया गया तथा अभियुक्तों के कब्जे से 03 अदद सौर ऊर्जा पैनल बरामद हुए। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों का विवरण**–

1.अमरजीत निषाद पुत्र श्रीकृष्ण निषाद उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम बिरोहा, थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात

2.दीपक निषाद पुत्र रज्जन लाल निषाद उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम बिरोहा, थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात,

3.स्वयं निशाद पुत्र संतोष निषाद उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम बिरोहा, थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात

**बरामदगी का विवरण** –

03 अदद सौर ऊर्जा पैनल

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

थाना भोगनीपुर पुलिस।